# **प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 04.07.2025**

- ❖ **शिकायतकर्ता को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके नौकरी लगवाने का झांसा देकर की गयी थी धोखाधड़ी।**
- ❖ **थाना अकबरपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) ने कार्यवाही करते हुए कुल धनराशि ₹ 24,000 को शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता कमलाकान्त पुत्र कुँवरलाल निवासी ग्राम जैनपुर, थाना अकबरपुर, जनपद कानपुर देहात के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके नौकरी लगवाने का झांसा देकर शिकायतकर्ता से कुल 39,500 रुपये का फ्रॉड किया गया। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा एन.सी.आर.पी. पोर्टल पर की गयी। उक्त शिकायत पर जांच एवं कार्यवाही के क्रम में थाना अकबरपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता की धनराशि ₹ 24,000 को खाते में वापस कराया गया व शेष धनराशि वापस कराने के लिये विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस की कार्यवाही की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए शिकायतकर्ता ने थाना अकबरपुर पुलिस का धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹ 24,000/-**

**धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम-**

थाना अकबरपुर पुलिस टीम